**प्रेस नोट**
**दिनांक 10.04.2024**

**अपराध गोष्ठी के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित-**

गोण्डा। दिनांक 09.04.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों के साथ अपराध गोष्ठी की गयी। जनपद में घटित महत्वपूर्ण घटनाओं का तकनीकी व मैनुअल साक्ष्य के आधार पर सफल अनावरण/खुलासा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली एसओजी/सर्विलांस टीम तथा विगत माह में साइबर सेल द्वारा साइबर फ्राड के शिकार 12 पीड़ितों के 5,79,344/- रूपए वापस दिलाने एवं एन0सी0आर0बी0 पोर्टल पर 10,79,940/- रूपये होल्ड कराने पर पीड़ित द्वारा उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की गई व जनपद के विभिन्न पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्यों/दायित्वों का भलीभाति निर्वहन करने एवं पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**जिनका विवरण निम्नवत है-**

01. प्र0नि0 करनैलगंज श्री निर्भय नारायण सिंह।
02. अ0प्र0नि0 शम्भू सिंह थाना कर्नलगंज
02. प्रभारी एस0ओ0जी0 सर्वजीत गुप्ता।
03. प्रभारी सर्विलांस सुनील सिंह।
04. प्रभारी साइबर सेल शादाब आलम
05. उ0नि0 आलोक राय।
06. उ0नि0 आशीष वर्मा।
07. उ0नि0 श्री रामप्रकाश चन्द्र।
08. उ0नि0 भानू प्रताप।
09. उ0नि0 शम्भू सिंह।
10. उ0नि0 जितेन्द्र वर्मा।
11. उ0नि0 सरफराज खान।
12. हे0का0 अमित पाठक।
13. हे0का0 राजू सिंह।
14. हे0का0 हृदय नारायण दीक्षित।
15. हे0का0 अरूण कुमार।
16. हे0का0 रणधीर सिंह।
17. हे0का0 रवि कुमार।
18. का0 आदित्य पाल।
19. का0 अमितेश सिंह।
20. का0 अशुमन पाण्डेय।
21. का0 हरिओम टण्डन।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 10.04.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा ईद–उल–फितर के दृष्टिगत स्वयं शहर क्षेत्र में भ्रमण कर धर्म गुरूओं से वार्ता कर स्थिति का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश–**

गोण्डा। आज दिनांक 10.04.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस बल के साथ ईद–उल–फितर त्योहार के दृष्टिगत शहर क्षेत्र में भ्रमण कर धर्म गुरूओं व संभ्रांत व्यक्तियों से परस्पर वार्ता कर शासन द्वारा जारी गाइड लाइनों व निर्गत आदेशों से अवगत कराया गया तथा ईद–उल–फितर त्योंहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपील की गयी। सभी धर्म गुरूओं/संभ्रान्त व्यक्तियों द्वारा कानून व्यवस्था में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 10.04.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा ईद-उल-फितर के दृष्टिगत शहर क्षेत्र में भ्रमण कर ईदगाह का किया गया स्थलीय निरीक्षण , धर्म गुरूओं से वार्ता कर स्थिति का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-**

गोण्डा। आज दिनांक 10.04.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस बल के साथ ईद-उल-फितर त्योहार के दृष्टिगत शहर क्षेत्र में भ्रमण कर धर्म गुरूओं व संभ्रांत व्यक्तियों से परस्पर वार्ता कर शासन द्वारा जारी गाइड लाइनों व निर्गत आदेशों से अवगत कराया गया तथा ईद-उल-फितर त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपील की गयी। सभी धर्म गुरूओं/संभ्रान्त व्यक्तियों द्वारा कानून व्यवस्था में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।

महोदय द्वारा बताया गया की जनपद गोण्डा के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ मीटिंग कर सभी के उत्तरदायित्व का निर्धारण कर दिया गया है । समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा शान्ति समितियों के सदस्यों तथा विभिन्न मस्जिदों के मुतवल्ली/इमाम के साथ बैठकें कर शान्ति व्यवस्था में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की गई है । रमजान/ईद के दौरान पूर्व मे हुई घटनाओं की समीक्षा कर असमाजिक तत्वों के विरूद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है। बाजारों में चॉद-रात(ईद-उल-फितर के पूर्व की रात) के दौरान खरीददारी के मध्य विशेष सतर्कता रखी जा रही है जिसके लिए पुलिस बल का समुचित व्यवस्थापन, डॉग स्कॉयड, स्थानीय अभिसूचना इकाई द्वारा नजर रखी जा रही है, तथा अग्निशमन की व्यवस्था की गयी है । सादे वस्त्रों में भी पुलिसकर्मी एवं महिला पुलिस की संयुक्त टीमों को लगाया गया है। अलविदा/ईद-उल-फितर की नमाज हेतु सम्बन्धित स्थलों पर नामवार पुलिस के अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, जुलूस के मार्गो पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा एवं आवश्यक्तानुरूप ड्रोन कैमरा से निगरानी रखी जायेगी । साथ ही साथ सभी से अनुरोध किया गया कि किसी भी प्रकार के आपसी सौहार्द खराब करने वाले वीडियो पोस्ट/शेयर करने से बचे, सोशल मीडिया मानिटरिंग सेन्टर की स्पेशल टीम द्वारा लगातार सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म (ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप ग्रुप आदि) की निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट/शेयर करने वालों के विरुद्ध गोंडा पुलिस द्वारा कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 10.04.2024**

**महिला एंव बाल सुरक्षा संगठन उ0प्र0 द्वारा महिला/बालसुरक्षा के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्य के लिए जनपद की 02 महिला आरक्षियों को प्रदान किए गए प्रशस्ति पत्र। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा किया गया सम्मानित-**

गोण्डा। जनपद गोण्डा के थाना को0 नगर में तैनात महिला आरक्षी सीमा वर्मा द्वारा अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करते हुए 04 अनाथ बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ दिलाया गया तथा महिला हेल्पडेस्क में कार्यरत रहकर महिला फरियादियों से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण कराया गया तथा थाना छपिया में तैनात महिला आरक्षी ममता राज द्वारा मिशन शक्ति के तहत थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया तथा जगह जगह चौपाल लगाकर व गांव/वार्डो में भ्रमण कर बच्चों/महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान 4.0 के बारे में पम्पलेट बांटकर व जनजागरूक करते हुए आत्मरक्षा के बारे में बताया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों 1090,181,112,1076, 1098,108, 102,1930 आदि के बारे में अवगत कराया गया तथा उनकी शिकायतों को सुनकर निस्तारित किया गया। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उ0प्र0 द्वारा उक्त दोनों महिला आरक्षियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। तदोपरांत दिनांक 09.04.2024 को हुई पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा उक्त दोनों महिला आरक्षियों को उत्साहर्द्धन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**अपराध गोष्ठी**
**दिनांक- 10.04.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार मे जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ की गई अपराध समीक्षा गोष्ठी, अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश-**

**लोक सभा चुनाव 2024, चैत्र रामनवमी, ईद-उल-फितर, अम्बेडकर जयंती के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों व सोशल मीडिया पर विशेष सतर्कता रखने हेतु दिये गए निर्देश-**

**अपराध गोष्ठी के दौरान थाना प्रभारियों को वांछित, वारंटी व इनामिया अभियुक्तो की गिरफ्तारी, शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा/गैंगस्टर की कार्यवाही तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए।**

दिनांक 09.04.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों के साथ अपराध गोष्ठी की गई, जिसका मुख्य विषय लोक सभा चुनाव 2024, चैत रामनवमी, ईद-उल-फितर, अम्बेडकर जयंती के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी, वांछित, वारंटी व इनामिया अभियुक्तो की गिरफ्तारी, शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा/गैंगस्टर की कार्यवाही, अपराधियों के सत्यापन तथा महिला सम्बन्धी अपराध की रोकथाम, कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण रहा। महोदय द्वारा सर्वप्रथम थाना प्रभारियों से उनके थाना क्षेत्र में लोकसभा चुनाव व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अबतक की गयी तैयारियों के सम्बन्ध जानकारी प्राप्त की

तत्पश्चात लोक सभा चुनाव 2024, चैत रामनवमी, ईद-उल-फितर, अम्बेडकर जयंती, अयोध्या में भव्य रामनवमी मेला के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों पर दंगा निरोधक उपकरणों के साथ अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार, कस्बा, चौराहों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों आदि महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सतर्कता रखते हुए सुरक्षा हेतु प्रभावी प्रबन्ध किया जाये तथा वहाँ पर लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरों की क्रियाशीलता को चेक कर ठीक करा लिया जाये। ईद-उल-फितर के दृष्टिगत यह सुनिश्चित कर लिये जाये की उनके द्वारा नमाज ईदगाह/मस्जिदों में ही पढ़ी जाये। अम्बेडकर जयन्ती पर विशेष सतर्कता रखी जाये तथा पोस्टर पार्टी को प्रतिदिन ब्रीफ कर समय से रवाना किया जाये। अयोध्या में भव्य नवरात्रि मेला के दृष्टिगत रूट डायवर्जन/रूट चार्ट तैयार कर लिया जाये और उसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। रामनवमी के दृष्टिगत अयोध्या जाने वाले मुख्य मार्गों पर विशेष ध्यान रखते हुए पेट्रोल पंप , होटल, ढाबा, मैरिज लान आदि के संचालकों से वार्ता कर श्रद्धालुओं के लिए ठहरने,

पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था कराई जाये। सोशल मीडिया सेल विशेष निगरानी रखेगें किसी के द्वारा सोशल मीडिया पर यदि कोई विद्धेषपूर्ण, आपत्तिजनक, समाज विरोधी, अराजक, धार्मिक रूप से भड़काऊ, हिंसा / धरना-प्रदर्शन के लिए उकसाने वाली पोस्ट की जाती है तो तत्काल अवगत करायेगे तथा पोस्ट करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कराई जाए। संदिग्ध/घूमन्तू व्यक्तियों की चेकिंग कर, शहर से बाहर करने व आपरेशन त्रिनेत्र/दृष्टि के अन्तर्गत ग्राम प्रधानों/सम्भ्रान्त व्यक्तियों के सहयोग से सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु, प्रत्येक बीट/मजरा में सुरक्षा समिति की बैठक कर सुचारू रूप से संचालन करने, बैंको/एटीएम की सघन चेकिंग, रात्रि गस्त/पिकेट बढ़ाकर सतर्कता से ड्यूटी करने व एन्टी रोमियो टीम, साइबर हेल्पडेस्क, महिला/पुरूष हेल्पडेस्क व मा0 न्यायालय से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का त्वरित व गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने व विवेचकों को समयबद्ध विवेचना निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। लूट/चैन स्नैचर के मुकदमें में वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने व जेल से छूटे आपराधियों का सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही अवैध कच्ची शराब के निष्कर्षण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी, लूट व नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम हेतु कस्बा व ग्रामीण इलाकों में प्रभावी रात्रि गश्त करने, बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने तथा प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के सम्बन्ध में ब्रीफ करने, पीआरवी वाहनों की निरन्तर चेकिंग करने, संवेदनशील स्थानों पर पीआरवी वाहनो की सक्रियता बढ़ाए जाने एवं सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। लंबित विवेचनाओं विशेषकर अनावरित अभियोगो के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने, गैंगेस्टर के प्रकरणों में अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 14(1) के तहत अभियुक्तों की सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने, अपराधियों के विरूद्ध एच0एस0 खोले जाने की कार्यवाही, गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही किए जाने, गैंग पंजीकरण की कार्यावाही, टॉप-10 अपराधियों का चिन्हीकरण कर कड़ी कार्यवाही करने तथा समस्त सम्मन व नोटिस का समय से तामिला कराने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही करने, मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिये थानो पर गठित एण्टीरोमियों टीमों की क्रियाशीलता निरंतर जारी रखने, आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को बढ़ाने हेतु पैदल गश्त को और अधिक क्रियाशील करने का निर्देश दिया साथ ही थाने पर आने वाले पीड़ित फरियादियों की समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुनने व उनका तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

**इस अवसर पर जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, वाचक पुलिस अधीक्षक, पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/शाखा प्रभारी व पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 10.04.2024**

## सर्राफा एसोसियेशन कर्नलगंज द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर सर्राफा लूट की घटना का सफल अनावरण व बरामदगी करने पर पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो प्रदान कर किया गया सम्मानित-

गोण्डा। दिनांक 04.03.2024 को थाना कर्नलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत सर्राफा व्यापारी विश्वनाथ शाह पुत्र श्री हरिद्वार शाह नि0 गांधीनगर थाना कर्नलगंज जनपद गोण्डा के सर्राफा की दुकान पर रात्रि 10 बजे अज्ञात मोटरसाईकिल सवार बदमाशों द्वारा तमंचा दिखाकर सोने चांदी के आभूषण व नगदी रुपये लूट ले गए। घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा घटना के शीघ्र सफल अनावरण हेतु एसओजी/सर्विलांस टीम सहित कुल 05 टीमों का गठन किया गया था। घटना के सफल अनावरण के क्रम में सभी टीमों द्वारा सी0सी0टी0वी0 फुटेज, अन्य तकनीकी व मैनुअल साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी थी। दिनांक 05.04.2024 को सभी टीमों के अथक मेहनत एवं प्रयासोपरांत घटना का सफल अनावरण करते हुए पुलिस मुठभेड़ में 01 घायल लुटेरे समेत घटना में संलिप्त कुल 04 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के कब्जे से लूट के 220 ग्राम आभूषण (पीली धातु), 22 लाख रूपये नगद (लूट के आभूषण को बेच कर प्राप्त), लूट के पैसों से खरीदी गई एक्स0यू0वी0 कार व 01 नया एप्पल मोबाइल फोन( कुल 48 लाख रूपये कीमत की लूट की सम्पत्ति बरामद) व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, 02 अदद हेलमेट, कपड़े व 04 अदद अवैध तमंचा मय 05 अदद जिन्दा कारतूस, 02 अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया था।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में गोण्डा पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा घटनाओं के सफल अनावरण एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर जनमानस में सुरक्षा एवं विश्वास पैदा करने के दृष्टिगत सर्राफा संगठन व व्यापार मण्डल कर्नलगंज द्वारा "पुलिस सम्मान समारोह" आयोजित किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनीत जायसवाल द्वारा मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिभाग किया गया । सर्राफा संगठन व व्यापार मण्डल कर्नलगंज के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी महोदय व उक्त घटना का खुलासा करने वाली टीम में शामिल 21 पुलिसकर्मियों को धन्यवाद पत्र, बुके व प्रतीक चिन्ह आदि भेंट कर सम्मानित किया गया । इस दौरान सर्राफा एसोसिएशन व व्यापार मण्डल कर्नलगंज के पदाधिकारीगण श्री महेश कुमार मिश्रा उर्फ पिन्टू मिश्रा सर्राफा संगठन अध्यक्ष, व्यापार मण्डल अध्यक्ष श्री राहुल सिंह, संरक्षक श्री अरूण कुमार वैश्य, उपाध्यक्ष श्री रितेश सोनी, कोषाध्यक्ष श्री अरूण कुमार बाथम, वादी श्री विश्वनाथ शाह, मंत्री श्री सलीम सिद्दकी, उपाध्यक्ष श्री चांद वारसी, वरिष्ठ सदस्य श्री हरेकृष्ण वैश्य, वरिष्ठ सदस्य श्री कृष्ण गोपाल वैश्य, वरिष्ठ सदस्य श्री रानू मिश्रा, वरिष्ठ सदस्य श्री राकेश कुमार सोनू उर्फ बबलू सोनी मौजूद रहे । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित सभी सम्मानित व्यापारी बंधुओं को गोण्डा पुलिस का मनोबल बढ़ाने एवं उत्साहवर्धन करने के लिए धन्यवाद कर आभार प्रकट किया गया ।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 10.04.2024**

## थाना को0 देहात पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के 02 वांछित अभियुक्तगणों को किया गया गिरफ्तार–

### कार्यवाही–

जनपद गोण्डा में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु श्री विनीत जायसवाल, पुलिस अधीक्षक गोण्डा के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित थाना को0 नगर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–67/24, धारा 147,323,506,306 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त वासुदेव पुत्र दुखी, 02. महेश यादव पुत्र जगप्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरण–

दिनांक 06.03.2024 ग्राम पूरन पुरवा मधईपुर के रहने वाले वादी श्री राम सिंगार यादव द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि मेरा लड़का महेश यादव की लड़की की शादी में गया था जहां पर पुरानी रंजिश को लेकर वासुदेव पुत्र दुखी व महेश यादव पुत्र जगप्रसाद व अन्य द्वारा मिलकर मेरे लड़के को मारा–पीटा गया था। जिससे क्षुब्ध होकर मेरे लड़के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गयी है। वादी की तहरीर पर थाना को0 देहात में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्तों–वासुदेव व महेश यादव को थाना को0 देहात पुलिस द्वारा आज दिनांक 10.04.2024 को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0 देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण–

01. वासुदेव पुत्र दुखी नि0 ग्राम पूरन पुरवा मधईपुर थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।
02. महेश यादव पुत्र जगप्रसाद नि0 ग्राम पूरन पुरवा मधईपुर थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।

### पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–67/2024, धारा 147,323,506,306 भादवि भादवि थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।

### गिरफ्तार कर्ता टीम–

01. उ0नि0 प्रशांत शुक्ला।
02. हे0का0 रविप्रकाश यादव।
03. का0 बलवन्त कुमार।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 10.04.2024, थाना कटराबाजार,**
**जनपद गोण्डा।**

## थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा बरामद–

### कार्यवाहीः–
पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी करनैलगंज श्री चन्द्रपाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में कटराबाजार पुलिस द्वारा अभियुक्त जुबेर खां को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरण–
आज दिनांक 10.04.2024 को थाना कटराबाजार के उ0नि0 सुनील कुमार मय फोर्स शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बनगांव पुल के की तरफ अवैध मादक पदार्थ लेकर एक व्यक्ति आ रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल द्वारा बताये गए स्थान पर घेराबन्दी कर अभियुक्त जुबेर खां को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कटराबाजार में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्त–
01. जुबेर खां पुत्र रन्नू नि0 वार्ड नं0 15 पठानटोला कस्बा थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा।

### पंजीकृत अभियोग–
01. मु0अ0सं0–115/2024, धारा 8/20 एनडीपीएस ऐक्ट थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा।

### बरामदगी–
01. 01 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा।

### गिरफ्तार कर्ता टीम–
01. उ0नि0 सुनील कुमार।
02. का0 अभिषेक गुप्ता।
03. का0 चन्द्रपाल।
04. का0 ओमप्रकाश गौतम।

**प्रेस नोट**
**दिनांक 10.04.2024, थाना को0 नगर**
**जनपद गोण्डा।**

## थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा प्रतिबन्धित नशीली गोलियों के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 180 अदद अल्प्राजोलम की टेबलेट बरामद–

### कार्यवाहीः–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा लोकसभा सामान्य चुनाव–2024 व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री विनय सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण, शान्ति सुरक्षा व्यवस्था व संदिग्धों वस्तुओं/वाहनों की चेकिंग के दौरान 180 नशीली गोलियों के साथ अभियुक्त ओमप्रकाश तिवारी उर्फ भोलानाथ को गिरफ्तार किया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरण–

आज दिनांक 09.04.2024 को थाना खरगूपुर के उ0नि0 धीतेन्द्र सिंह मय फोर्स क्षेत्र भ्रमण, शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था व संदिग्ध वाहनों/वस्तुओं की चेंकिगं में रवाना थे कि मुखबिर खास की सूचना पर भटपुरवा सड़क के पास से अभियुक्त ओमप्रकाश तिवारी उर्फ भोलानाथ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 120 अल्प्राजोलम की गोलिया बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्त–

01. ओमप्रकाश तिवारी उर्फ भोलानाथ पुत्र रामप्रसाद तिवारी नि0 पटखौली थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

### पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–98/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

### बरामदगी–

01. 120 टेबलेट अल्प्राजोलम।

### गिरफ्तार कर्ता टीम–

01. उ0नि0 धीतेन्द्र सिंह।
02. हे0का0 सोनू कन्नौजिया
03. का0 पवन यादव।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**